कवित्त ॥ सुभर उतरि सतनंज । चंद पट्टौ कंगुरह ॥
लै आयौ जालंध । राइ हाहुलि हंमीरह ॥
अरु जाल पाप रसि परस । परस दरसत दुह अप्पौ ॥
आदि जुद्ध दय दीन । सिंघ पष्षरि किन दिष्यौ ॥
इम नमसकार करि पुच्छयौ । अरु पुच्छमौ पंछजो बिगति ॥
हुं कहौं सुतुम जानहु सकल । चलहु चंद अग्गे निरति ॥
छं० ॥ ६७० ॥

कवि चन्द का जालंधर गढ़ जाना और हम्मीर को समझाना।

सुरिल्ला ॥ मग्गह चलंत नहि करि बिरम्म । सामंत स्यैर सुभर मुदित्त तम्म॥
जालंध जाहु नृप पति सुकाज । राषहु तराज प्रथिराज आज ॥
॥ छं० ॥ ६७१ ॥

कवित्त ॥ कह्यौ चंद बरदाई । बत्त हाहुलि हम्मीरह ॥
स्वामि ध्रम्म चिंतियै । दोस टारियै सरीरह ॥
बहुआमा दौ राज । धान जंबू ग्रह लग्गौ ॥
बोल वंक तजि कंक । साम ध्रम्मह पथ जग्गौ
जंमन मरंन भंजन भिरन । जंत रीति सह जानियो ॥
कंगुरह राइ बत्तं अचल । भई बचन परमानियो ॥
॥ छं० ॥ ६७२ ॥

चलत मग्ग दुह मंगि । राजा तव लगि इति धीरह ॥
लै आउं जालंध । राइ हाहुलि हंमीरह ॥
नदि बिषाह उत्तरिग । जाय कंगुर सपन्नो ॥
पंच सत्त पंच पेडि । आय अग्गौ होइ लिन्नौ ॥
भोजन भगति बहु भांति किय । सब पुच्छिय राजन बिगति ॥
जालंध राइ जंबू धनि । सुनि हमीर चंदह सुमति ॥
छं० ॥ ६७३ ॥

प्रथम बाह असनान । अष्ट भुज देवि परसनस्सौं ॥
तहं सुदेह रा ग्राम । बान गंगा अब दरसौं ॥

गए पाप जनमंत। भेंट कंगुर गढ़ रानी ॥
ओप मिले हम्मीर। सामि अम्मह सहि नानी ॥
तुम कहि जुहार सामंत सब। अरु राजन बहु हेत धरि ॥
इन वार तुम्म हम्मीर नृप। सजौ सेन सुरतान परि ॥

छं० ॥ ६७४ ॥

दूहा ॥ मुष मिट्टी रुट्ठी सुजी। हाहुलि राव नरिंद ॥
बोल बंक सो कंक करि। जंपि सु मुष जै चंद ॥

छं० ॥ ६७५ ॥

कवि चन्द का हम्मीर से सब हाल सुनकर कहना कि इस समय पृथ्वीराज का साथ दो।

कुंडलिया ॥ ढिल्ली वै है गै दिसा। ता राजन लगि भीर ॥
हो तौते रन आतुरह। चढ़ि हैवर हम्मीर ॥
चढ़ि हैवर हम्मीर। साहि नदि सिंधु समुक्की ॥
राह रोंस गोरी नरिंद। चहुआन सरुक्की(१) ॥
मग्ग मग्ग अकलंक। कित्ति बोहिथ चलाई ॥
तौ लागो संग्राम। भार अप्पौ ढिल्लाई ॥

छं० ॥ ६७६ ॥

दूहा ॥ कै कारन भौ वै दिसा। चढ़ि ढिल्ली वै भद्द ॥
बंक बिसाहन भरह घी। लै लाहौरी हद्द ॥

छं० ॥ ६७७ ॥

कबित्त ॥ इन लाहौरी हद्द। कंक करि बैर बिसाही ॥
इन लाहौरी हद्द। बीर व्यापार बसाही ॥
इन लाहौरी हद्द। मूल बिन व्याज साहि लिय ॥
इन लाहौरी हद्द। बाल चहुआन सत्य किय ॥
लाहौर हद्द अजह्ल सकल। करहि जग्य व्योपार बर ॥
हाहुलि हमीर दो पन्न बचि। करौं धरद्धर साहि बर ॥

छं० ॥ ६७८ ॥

(१) मो०—मान चहआंवनहं रुक्की।

बीरां बंकस कंक। केलि संभलि रा गोरी॥
वे उन्हाँ उन्हां कहै। पंचौ नद मेरी॥
जुड्ढानी बज्जागि। लागि बीरां उन्हाई॥
हो हम्मीर नरिंद। चंद जायो न बुझाई॥
पगधार ध्रम्म पची तनौ। चूकै न्नक निवासियै॥
जै काम स्वर साधन चलै। धूधु मंडल वासियै॥

छं० ॥ ६७९ ॥

हम्मीर बचनं।

के दीहां[1] लगि केलि। करी कांहे लगि झुझ्झौ॥
हट गरुहां सों लागि। जाइ कौरव[2] कुल बुझ्झौ॥
हो हमीर हम्मीर। चंद बत्तां करि दिष्षौ॥
जो पंचानदि पंच देस। अड्ढा अर्ध नष्षौ॥
कहियै न सुष्ष नर लोक को। किं सुर लोक सुहाइयां॥
मिष्टान पान भामिनि भवन। पुच्छो तोहि कहाइयां॥

छं० ॥ ६८० ॥

कविचन्द बचनं।

ध्रिग्ग सुष्ष संसार। ध्रिग्ग मिष्ठान पान बर॥
सुपन में ईषह पत्त। मिट्ठ लग्गै हाहुलि पर।
न्नक संधि में परै। क्रम्म घर बंध भार गिर॥
कातर मन छंडियै। जीह सल बंधै दुड्डर॥
सुर लोकहु नर न्नकपन। जस अपजस बंधी रवन॥
मो बुझि झुझ्झि पच्छै मरौ। जानि बक ग्रह मुगति पनु॥

छं० ॥ ६८१ ॥

हम्मीर वचन।

कहि हमीर सुनि चंद। नाम तुम चंद न्याय धरि॥
कहौ मंच कुल वद्द। कबहु उतरै न संभरि॥
राज नीति जानहु न। साहि दिष्षौ दल अप्पन॥
गरुहां करि मरिहौ जु। बिरद लभ्भौ उर कंपन॥

(१) ए० कृ० को०—हीहां। (२) ए० कृ० को०—कोरों।

जद्यपि सुभोन उत्तर तपै । जदपि संझ चंपिय गहन ॥
चहुआन अंग ते दिन नहौ । गहन राज ते रिपु रहन ॥
छं० ॥ ६८२ ॥

कविचन्द वचन ।

मुनि हम्मीर नरिंद । बिधिनि बंधे बंधन वर ॥
डोरी मन निम्मान । काल षंचौ निकट कर ॥
प्रय लग्गोनिय मींच । मंत कौ करै जियन कौ ॥
बिधि विधान निम्मान । झूठ उच्चार कियन कौ ॥
गल्हां न संच संचै ननह । सो मैं रहै गल्हां रहै ॥
उच्चरै चंद जंबू धनी । साच एक जुग जुग चहै ॥
छं० ॥ ६८३ ॥

हम्मीर वचन ।

कहि हमीर सुनि चंद । हुआ दिन अदिन बिचारौ ॥
अवै रावण हरि सीत । कियौ गढ लंक संघारौ ॥
अदिन कांज पंडवनि । जूआ सौं हेत बिचारौ ॥
अदिन काज परिछत्त । रिष्य गल अप्प हकारौ ॥
इह अदिन बुद्धि सामंत सब । कलह केलि अति बल सरिय ॥
हरि हरा देख इंद्रादि सुर । वरजि गये अति गति बुरिय ॥
छं० ॥ ६८४ ॥

मिटै न बर संबंध । इता अनयो क्यों सहिय ॥
चंद बिंब चहुआन । भूमि भारह निब्बहियै ॥
जैत सुभर बलिभद्र । बीर बंधन सुविहानै ॥
बड़ गुज्जर रा राम । झूठ बंधे बर बानं ॥
बीरंम भग्ग मन जिहि बरनि । नर बरनि तिहि सोइ नर ॥
जानियै न मन छिज सबर सुगति । यो धर बंध पूरंन कर ॥
छं० ॥ ६८५ ॥

कविचन्द वचन ।

चंद कहै हम्मीर । अनग पंची क्यों आवै ॥

(१) ए० कृ० को०—मोन । (२) मो० रहै । (३) ए० कृ० को०—मुगाति ।

जबहि समर संपजै। तबहि अंबर सिर लावै।
जहां रुध्यों तहां मरै। घाट अवघट न बिचारै।
जस लज्जा गल बंधि। स्वामि भ्रम्मह उद्धारै॥
संसार अथिर सामंत मत। सक सहाव बंधन भिरिन॥
जानहि पराक्रम पुच्छ तम। इन अग्गें को तर करन॥
छं०॥ ६८६॥

हम्मीर बचन।

काली कल बिष धरै। डंक बीछी उच्छारै॥
नीलकंठ सिव वरै। मोर महोरंग निहारै॥
काल अंब ढरि जाहि। जीह पप्पीह पुकारै॥
धप्पै बहै गयंद। चढै शिकार सिआरै॥
सुरतान काम सद्धै सलष। जैत रांइ बिरदां बहै॥
हाहुलि राइ भट्टै कहै। को अनंघ इत्तै सहै॥ छं०॥ ६८७॥
दावानल पांवार। अनल चहुंआन सहाई॥
घटजनमा रिषिराज। समद सोषै धरताई॥
जैत राव कंठीर। हथ्थ सामंत राज सिर।
पहु पहार पांवार। घडै भंजै गोरी धर॥
अब्बुआ राव अग्गै पहर। बिन न जोर जंबू रहै॥
चुंगलिय बाज जोगिनि पुरिय। जं जं भावै तं कहै॥
छं०॥ ६८८॥

कविचन्द बचन।

सुन हम्मीर नरिंद। मरन आवै अभाग मति॥
अंत काल बिक्कम नरिंद। भष्यि वायस अविद्धि गति॥
मरन वार वर भोज। धूम्म मुक्क मलेच्छ भौ॥
मरन काल पंडवन। ग्यान छुट्टौ मोहि लभ्भौ॥
चिंतौ न चिंत चिंतह नहौ। नरक निवासी होहि नर॥
धिग धिग सुबीर बसुधा करै। तौ न छुट्टै नर काल भर॥
छं०॥ ६८९॥

हम्मीर वचन।

सुनौ भट्ट कविचंद। रहसि बुल्ल्यौ जंबू पति॥
मो जिय इय अंदेस। मंत पुच्छौं जालंधर गति॥
उभै लिषें कागद प्रमान। राज राजन सुलितानं॥
बीय अग्गै मुक्किय़ें। सोइ अप्पै फुरमानं॥
बत्ती विवेक द्रुग्गा सुपत। हथ समप्पि हम्मीर कर॥
आरंभ होइ इह बत्त गति। सुबर बीर जंपौ सुबर॥

छं० ॥ ६९० ॥

कविचन्द बचन।

असत राज जब ग्रहै। नीति भ्रम दूरि बिडारै॥
सती असत जब ग्रहै। पैसि भांडै भंडारै॥
जती असत जब ग्रहै। कनक कामिनि मन मंडै॥
सूर असत जब ग्रहै। मरन माया तन मंडै॥
हो अबुधि न करि जंबू धनी। इह सुबुद्धि कौ पुच्छियै॥
जालंध देवि गम अगम बुधि। सो बुधि पुच्छन इच्छियै॥

छं० ॥ ६९१ ॥

हम्मीर वचन।

कुंडलिया॥ मगि वायस जग्गिय अलुक। पषि परवार कपोत॥
भौम नहीं बंधाइ बंध। धरक न मानै जोत॥
धरक न मानै जोति। धरक मुक्कै न धरद्धर॥
धर मुक्कै मुक्कहि न मान। सिंघ सा पुरिस बाज बर॥
ऐव दिसित चढि चरौं। चंद जन मांतहि मग्गं॥
कौ अनंप इह सहै। कहै सामंत सुर मग्गं॥

छं० ॥ ६९२ ॥

कविचन्द बचन।

कवित्त॥ सोइ ज सूर सा भ्रम्म। जुग्ग सा भ्रम्म न पुच्छै॥
दया दान दम तित्थ। सबै सा भ्रम मनि रुभ्भै॥

सांमि ध्रम्म बर मुगति। नरक बर तिथ्य निवासौ॥
सुनि हमीर सा ध्रम्म। करै सुरपुर नर बासौ॥
सा ध्रम्म मुकति बंधै रवन। सांमि ध्रम्म जस मुगति वर॥
अब किति किति करतार कर। नरक चूक भ्रुभ्रभौति नर॥
छं०॥ ६९३॥

हम्मीर बचन।

अबूरा पांवार। जैत हाहुलि कहि बुझै॥
सुनि कन्हां चहुआन। ताहि प्रथिराज न पझै॥
पूछानी चामंड। डंड मंगै लाहौरी॥
जिम खाना गंधान। कोल लहौं कारोरी॥
उच्चार भार बोलै हरै। राज उलग्यौ साहनी॥
उपरैं जांम अद्दों लगर। सुभर उभारै बाहनी॥
छं०॥ ६९४॥

कविचन्द बचन।

इन वेरां हम्मीर। नहीं औगुन बंचीजै॥
इन वेरां हम्मीर। छत्ति ध्रम्मह संची जे॥
इन वेरां कै सिंघ। बर विषर जेम उभारै॥
इहि वेरां हम्मीर। स्लर क्यों स्यार संभारै॥
वेरां हमीर पौरुष पकरि। इह सु बात रंडां ररी॥
सामंत राज काजह समय। न करि ढील निंदा करी॥
छं०॥ ६९५॥

हम्मीर बचन।

की लोहानै जंग। साम लग्गा अजमेरी॥
कै भासें उच्छेरि। तुरी तूंवर विच्छेरी॥
जेती ताखभांमि। ढाम ढंढा ढुंढारा॥
कूरंमा पज्जून। काम किनो कुट्टारा॥

(१) ए० कृ० को०—कालोरी। (२) ए० कृ० को०—गरल।

सांरुडै भुभभ उलभिभया। लोहानैं लज्जी वही ॥
जलंगम बंधन सेवरा। तें भट्टां ट्रुग्गा लही ॥

छं० ॥ ६६६ ॥

कविचन्द वचन।

सलष अलष करिं जुद्ध। साहि गज्जन वैसाद्यौ ॥
कैमासें बर बंधि। भीम भोरा घर गाद्यौ ॥
तूंवर वर उच्छारि। अप्प न्नाचा कहि फेरी ॥
कमधज्ज घरधक धोरि। धरनि जित्ती अजमेरी ॥
हों भट्ट चट्ट जस अजस पढि। भरों साषि सुरह समर ॥
हम्मीर मंत चुकंत सभर। हसहि देव दानव अमर ॥

छं० ॥ ६६७ ॥

हम्मीर वचन।

भोरै रा भारथ्थ। कथ्थ जाने तूं भांई ॥
पामारां पज्जून। लिये पट्टन वै सांई ॥
मे कह्यो कैमास। हथ्थ भीमा बद्धानी ॥
तूं जानै चहुआन। बार बर तूं इच्छानी ॥
सलर्षा सलुभ्भ ग्रैह्यां हुआं। अब लग्गाई बत्तरी ॥
सुरतानं कालिह आनों धरा। आज तुम्हारी रत्तरी ॥

छं० ॥ ६६८ ॥

मुह कढ्ढानी बत्त। चंद जानी पहिलाही ॥
ते सोई रै काज। भरकि उट्ठे अच्छांही ॥
तूं आरज आजान। बार ढिल्ली घर[1] अड्डा[2] ॥
तूं रंघन हिंदवान। पान राजन तो चड्डा ॥
आगर बुलाइ गो बंभनां। गर बड्डा पड्डा मुहा[3] ॥
जालपा जागि पुच्छाइयां। जो राषै भम्मा दुहा ॥

छं० ॥ ६६६ ॥

[१] ए० कृ० को०—वर। [२] मो० चढा।
[३] ए० कृ०—गर वढा पडा सुहा।

चहुआना रै रजधान । सामंत बड़ाई ॥
ते बोलो वर लागि । जाइ कनवज्ज झुझाई ॥
ए गोरी साहाब । दीन जानै पहिलोना ॥
हसम हय ग्गय रैस । देह दंष्यौ दह गोना ॥
कै काम कलह कंदल चढौ । कै कम्मां मर्त्ता गढौ ॥
बे काम भदु गलहां पढै । जिन भंजौ दिल्ली सढौ ॥

छं० ॥ ७०० ॥

कविचन्द बचन ।

गलहां काज हमीर । देव देधी सिर दिन्ना ॥
गलहां काज हमीर । अग्ग सध्यौ जुउजिन्ना ॥
गलहां काज हमीर । राज मुक्यौ रघुराई ॥
गलहां काज हमीर । मंस कथ्यौ सिव सांई ॥
हमं गलहवांन गलहा करैं । तुम गलहां लग्गै बुरी ॥
म्रत लोक जीव जम पंजरै । तुम जानौ छुट्टै दुरी ॥

छं० ॥ ७०१ ॥

हम्मीर बचन ।

अरे चंद तुम गलह । इहां नाही अधिकारिय ॥
ए घर जानी षेल । नही डिभरू पिल्लारिय ॥
इहै अग्गि नहि दीप । ग्रहै आगैं होइ दिष्षैं ॥
जब फुट्टै आकास । कोंन थिग्गरी स्हरष्षै ॥
हम दुरें नही जीवन मरन । मह लागै गलहां बुरी ॥
मो मत्ति इहै अप उब्बरी । करौ मंति गो ब्रह्म छुरी ॥

छं० ॥ ७०२ ॥

कविचन्द बचन (आख्यान कथाओं का प्रमाण दे कर हम्मीर को समझाना)

सुन हमीर इक अलुक । गरुर गाढी मिचाई ॥
तब उलूकह देषि । गरुर जोरा मुसकाई ॥

तब अलूक भय भयौ । गरुर अग्गैं कर जोरै ॥
मोहि तहां लै जाहु । जहां कोई जीव न तोरै ॥
धरि पंष ढंकि साइर गुहा । तहं बिलाव भष्षइ भरन ॥
सनमंध देह जष्षइ परन । मिटै न सो राजन मरन ॥
छं० ॥ ७०३ ॥

दूहा । गरधि बागुरि सिंघ कौ । दावानल भय मानि ॥
ससि मंडल में मृग बसत । ग्रहन राह सोइ आनि ॥
छं० ॥ ७०४ ॥

गाथा ॥ ईसं सीस मयंकं । सरन रहिय ज्यों भय मंने ॥
रुंड माल छल राहं । अनचिंतियं आय घेरिय तथ्थं ॥
छं० ॥ ७०५ ॥

हम्मीर बचन ।

कबित्त ॥ केहरि कंदर द्वार । भिल्ल मुगता फल पायौ ॥
फिटक जानि पाषांन । मूढ अज गल बंधायौ ॥
कोइक समै पारषी । मिल्यौ जवहरी बिचष्षन ॥
मुह मंग्यौ दै मोल । तोल करि आनि ततष्षन ॥
अवलोकि तेज पानी सरस । महिपति जरिय किरीठ महि ॥
इहि रीति चिंति कविचंद कहि । हाहुलि राव हमीर कहि ॥
छं० ॥ ७०६ ॥

पुनि अष्षिय हम्मीर । सुनहु दैविय वर दाइय ॥
मार पिट्ठ मोरिंग्ग । अंग सोभा दरसाइय ॥
तिन को लै मंदमति । षोटि नंषत करि लघुता ॥
मंडल ग्रसी रमंत । बंडिय सो पावत प्रभुता ॥
ब्रजनाथ हाथ गहि माथ धरि । मुरली मुख बज्जावही ॥
मिलि सकल गोप गोपंगना । मुकता फल सुबधावही ॥
छं० ॥ ७०७ ॥

कविचन्द बचन ।

चरचि तेल सिंदूर । बहुरि बंधे सिर चंमर ॥
आभूषन पहिराइ । ढंकि ऊपर पाटंबर ॥

चलावंत मुह अग्ग। दुरद नरपति कैं दिट्ठे ॥
झगरि झुंड में घात। आय बन मंझ अपुट्ठे ॥
अप अप्प उतन लग्गत सदा। मिट्ठौ हाहुलि राव धन ॥
कविचंद कहत पिछताइगौ। मत्ति करै दिसि जवन मन ॥
छं० ॥ ७०८ ॥

हम्मीर वचन।

दूहा ॥ बहुत कहत हम्मीर सुनि। अब कछु रहत रसन्न ॥
थान भिष्ट सोभत नहीं नर नष केस दसन्न ॥
छं० ॥ ७०९ ॥

कवित ॥ दसन दुरद सौं भइय। पहिर बनिता कर चूरिय ॥
सरहि केस सोभइय। राज सिर सभा सँपूरिय ॥
केहरि नष सोभइय। कनक मढि कुंअर घलत गर ॥
सूर बीर सोभइय। सिंघ सा पुरस परड्डर ॥
हाहुलि कहंत कविचंद्र सुनि। अब्ब जुगति बन अहि घनिय ॥
पहिले न करिय आदर भरनि। मन विचारि संभरि धनिय ॥
छं० ॥ ७१० ॥

कविचन्द वचन।

अरनि मद्धि धसि कूप। परत नर पथिक अड फर ॥
पटं बल्ली अवलंबि। नागं अवलोकि चरन तर ॥
सिर पर सिंधुर आय। सुंड गहि साष हलावत ॥
तुह छत्ता मुह आलि। उड्डि तिहि तन पलटावत ॥
मधु बुंद परत चट्टत अधर। सकल दुष्ष जिय भुल्लइय ॥
इम विषय सुष्ष कविचंद कहि। किम हमीर मन डुल्लइय ॥
छं० ॥ ७११ ॥

कविचंद और हम्मीर का ज़ालंधरी देवी के स्थान पर जाना।

दूहा ॥ तत्त बत्त जानौ सबै। इम माया दुच्छांमि ॥

चलि जालंधर देहरै। मिलि जालय पुच्छांमि ॥

छं० ॥ ७१२ ॥

नालिकेर फलदल सुफल। कर कपूर तंमोर ॥
उंभै सुनर पूजन चलै। द्वै सब सथ्थ बहोरि ॥

छं० ॥ ७१३ ॥

जालपा के स्थान का वर्णन।

कवित्त ॥ देवि थान जालंध। पच षोडस, बारस गुर ॥
करित कोट. अछिरन। पंति पंतिनि दिष्षत वर ॥
मनि न्रिप उंत जंबू नरिंद। चंद बंदी बंदंत उर ॥
मनो बड़वा नल लपट। कोटि फुट्टी जालंधर ॥
मनो मोहनी रूप है अवतरी। कै महिल कहल भांई बंधौ ॥
ससि एक. कोटि घर ज्यौं जुबह। सो कविराज ओपम सधी ॥

छं० ॥ ७१४ ॥

च्यारि कोट वज्जंग। मद्धि जालपा सुथानह ॥
हम छत्र जरि मुत्ति। मंचद्र ग्गा अंपानह ॥
करिय सनान पवित्र। धोइ धौवत तन मंडिय ॥
सम सुगंध पढि छंद। जाय कुसमंजलि छंडिय ॥
करि धूप दीप नैवेद मिलि। राज्ञ अंदेस संदेस कहि ॥
बोली न बयन. देवि तदिन। अजुत्त हमीर सुबत्त लहि ॥

छं० ॥ ७१५ ॥

कविचन्द का देवी की पूजा करके स्तुति और निवेदन करना।

दूहा ॥ कुसुम मंडि मंडलि. सिरह। चंदन चर्चित चंदि ॥
मुक्ति गंध दिय धूप द्विज। जै जालंधर बंदि ॥

छं० ॥ ७१६ ॥

अवनो अंबी अंब सुनि। अंबी अंब सुबंभ ॥
अंबनि चंद उचार किय। सुतन अनंदिय संभ[१] ॥
छं० ॥ ७१७ ॥

देवी (जालपा) जालंधरी की स्तुति।

भुजंगी ॥ द्रुग्गे हिंदु राजान बंदीन आयं। जपै जाप जालंधरं तूं सहायं ॥
नमस्ते नमस्ते ह जालंध रानी। सुरं आसुरं नाग पूजा प्रमानी ॥
छं० ॥ ७१८ ॥

ह्रीं कार रूपं सुआपे विराजी। क्लींकार भंकार हंकार साजी ॥
ऊंकार रूपं ओंकार धारी[२]। प्रियं कारनं कारनं सार सारी[३] ॥
छं० ॥ ७१९ ॥

सिवं संपुटं बीज प्रनव्व रूपं। स्वहाकार षटकार हंकार ओपं ॥
सुरं षोडसं रूप चोदस्सि मानी। चयं तीस[४] व्रन्नं सुविन्नं प्रमानी ॥
छं० ॥ ७२० ॥

चयं रूप ब्रह्मादि संध्या सकत्ती। चयं काल त्रैलोक त्रैबेद रत्ती ॥
अदम्भूत रूपं सुअब्बै समाया। गुनातीत आतीत[५] जालंध राया ॥
छं० ॥ ७२१ ॥

जपै तोहि जापं सुधामं प्रमानी। दियौ अब्ब सिद्धिं सुरिंद्री सुरानी ॥
प्रथीराज चहुआन दीनो उतारं। तहां दुंद नामी करै अब्बसारं ॥
छं० ॥ ७२२ ॥

कह्यौ तोहि प्रन्नाम[६] मो सिद्धी देवी। प्रकारं सुधारं विवद्धी सुसेवी ॥
अहं माकस्यौ हाहुली पास काजं। तिनं पुच्छमं माव साक्ति राजं ॥
छं० ॥ ७२३ ॥

वाही कारनं अब साराज अंबी। पुहं पंजली छंडि सीसं सुलंबी ॥
रह्यौ आप यह्यौ दुअं पानि मंडी। अगं कारनं जानि गोली न चंडी ॥
छं० ॥ ७२४ ॥

---

(१) ए० कृ० को०—सिभ। (२) ए० कृ० को० सारी।
(३) ए. कृ. को.—राजी। (४) ए.—त्रयं जीम।
(५) मो.—आनीत। (६) ए. कृ. को.—प्रमान।

हम्मीर का देवी से निवेदन करना।

कवित्त ॥ कहि हमीर सुनि देवि। तत्त वादी कवि आया ॥
कौ को हिंदू को तुरुक। कौन रंकं सु को राया ॥
को रविंद को जिंद। कौन तापस को छाया ॥
को साहब को राज। कवन सुकवि कह गाया ॥
इह परम हंस संसार हित। तूं माया तूं मोहं मत ॥
जानों न बाम दच्छिन करन। हौं सांई संसार रत ॥

छं० ॥ ७२५ ॥

कवि चन्द का देवी के मंदिर में बन्द हो जाना और हम्भीर को शाह की सहायता के लिये जाना।

एह परत्तर दीह। चंद जान्यौ चहुआनं ॥
जिन भुजानि धर भार। भोमतीय अधरं भानं[1] ॥
हसम हयं गय देस। दीह घट्टै बल घट्टै ॥
धन्न मरन तिन जानि। महल सिर सारे पट्टै ॥
आवृत्त बात जोगिनि पुरह। भव भवस्य इह न्रिमयौ ॥
कविचंद रुक्कि रंच्यौ जियन। ग्रिह गोरी हाहुलि गयौ ॥

छं० ॥ ७२६ ॥

उक्त समाचार पाकर पृथ्वीराज का क्रोधित होना।

दूहा ॥ सुनिय बत्त चहुआन न्रिप। धरिय धीर मन पान ॥
हौं अभंग अनभंग बर। हौं भंजन सुलतान ॥

छं० ॥ ७२७ ॥

कुंडलियां ॥ रोकि कविंदहि अप्प मिलि। सो सुरतान अबुझ्झ ॥
सुनत राज प्रथिराज कै। हवि लागी उर मझ्झ ॥
हवि लागी उर मझ्झ। संझ आई गुर गल्हां ॥
भट्ट बसीठह रोकि। अप्प है वै दिसि हल्लां ॥
दस हजार हैवरनि। लष्ष पयदल्ल श्रम वृंदा ॥

(१) ए० कृ० को—भौमाति अंधर भानं।

मिल्यौ जाइ सुलितान । रोकि देवल कविंदा ॥
छं० ॥ ७२८ ॥

चामंडराय का कहना कि सब लोग चार चार तलवारें बाँधें, जो जिसमें जा मिला सो जानेदो।

दूहा ॥ चवै राइ चामंड इम । अहो राज प्रथिराज ॥
च्यारि च्यारि तरवारि झरि । भर बंधै सब आज ॥
छं० ॥ ७२९ ॥

मरन तुच्छ मारन बहुल। हम उन अंतर एह ।
एक सु पक्की निजर की । अरि कर कची देह ॥
छं० ॥ ७३० ॥

कवित्त । सुनिय राज इह रीति । बीर संसार सपन्नौ ॥
अवर रत्त संकुचित । गुनज मुक्कित अपन्नौ[1] ॥
सहन अगर[2] तन संग[3] । मनह छचिय छल लग्गा ॥
क्रोधतश्रम्म मथिवचन । लोभ लग्गा सह अग्गा ॥
सल्लिता सुनीर वित्तं सरद । अब्ब सुप्प दंपति मिल्ली ॥
आसौज बीज संसार कर । रंज रंजि राजन मिल्ली ॥
छं० ॥ ७३१ ॥

पृथ्वीराज का धीर के पुत्र पावस पुंडीर को हम्मीर को रोकने के लिये बीड़ा देना।

बोल्लि राज प्रथिराज । पान अप्पै से पानं ॥
तूं धीरं जा धीरं । भीर भंजन सुरतानं ॥
है हमीर आधीर । स्वांइ द्रोही सिर बंधी ॥
लाज बडप्पन थाइ। सिंधु हम्मीर जु संधी ॥
सामंत सूर सगपन सरै । सुतेग बेग बंधै न कोइ ॥
पुंडीर राइ पावस्स सुनि । बंधि तेग रावत्त होइ ॥
छं० ॥ ७३२ ॥

(१) ए० कृ० को०—अवसर तहां सकुचि गुन जुंकत अपन्नो ।
(२) ए० कृ० को०-अंगार । (३) मो०-अंग।

पावसपुंडीर का बीड़ा लेकर तैयार होना।

पानि सामिलिय हथ्थ । बंदि सुरसरि चढि आइय ॥
बीर द्रगनि झलकंत । काच करषत जलझाइय ॥
सुवर राज प्रथिराज । सजिय बर अप्प तुरंगम ॥
नृप सनाह पावस नरिंद । हरचंद अभंगम ॥
दल मलन अरि आवृत्त बर । बंधन हाहुलि राव भर ॥
रनधीर धीर तन तन दलन । पुहप भ्रसम पावस सहर ॥

छं० ॥ ७३३ ॥

चौपाई ॥ मथ्यो नागपति कन्ह जगायौ । कै प्रलै काल चैनेत्र लगायौ ॥
कै हर हरन त्रिपुर सुरधायौ[1] । कै छिति एरन हरनाकुस सायौ ॥

छं० ॥ ७३४ ॥

जामराय यादव का मुसल्मानी सेना के निकास का रास्ता बांधना और पावस का सीधी पसर करना।

कवित्त ॥ तब पावस पुंडीर । बोलि राजन अमजद्दौं ॥
कै कोसन सुलतान । कोस कै प्रब्बत बंदौं ॥
बोलि राव रंघरौ । निरत कीनी कोहानी ॥
पंच पाल परबत्त । सत्तपानं सुलितानी ॥
जंगली ग्राम सामंत सह । सेन बढी बांधी बलह ॥
इम षष्प जाहिं मीरां दिसी । चढि पावस पावस कलह ॥

छं० ॥ ७३५ ॥

तब पावस रा पुंडीर । सज्जि सन्नाह संपन्नौ ॥
तीन सहस पुंडीर । बंध अग्गै रस भिन्नौ ॥
अप्प अप्प चिंतयौ । होय अग्गी जन मानं ।
लच्छि सुं लूटन काज । रंक धावै धन धानं ॥
लियै रावत्त कित्तिय कला । है गहि मोह माया तजे ॥
दुति भम्म भभ्भ सीमंत दुति । धीर धवल कंधह सजे ॥

छं० ॥ ७३६ ॥

(१) मो०—कै हरन्न हर त्रिपुरार सुधायौ ।

पावस पुंडीर की पसर का रोस और कांगुरे को तिरछा देकर सीधी राह जाना।

दूहा ॥ पावस चढि पावस अगमि। घन छची छिति रूप ॥
गावहि नौर हमीर घर। सुकि जवास उर भूप ॥
छं० ॥ ७३७ ॥

चढि पावस पावस रवनि। गजि दल बदल निसान ॥
धनि षग पंति[1] सनाह तुअ। मनु बद्दल विज्जुल भान ॥
छं० ॥ ७३८ ॥

पावस पावस मेघ सम। कै सम सुरति[2] प्रमान ॥
चित्त सुमन पुंडीर धरि। बाजि गुडिग्ग निसान ॥
छं० ॥ ७३९ ॥

कवित्त ॥ सह सेना चालीस। मध्य सत पंच तुरंगम ॥
टारि सूर सामंत। बज्र करिवार बज्र सम ॥
सस्च तेज जम जुत्त। जुद्ध आकूत अभंगम ॥
पुच्छि ध्रम्म सा ध्रम्म। क्रम्म बंधीन बंध सम ॥
कंगुरौ तिरच्छौ मुक्कि कै। इर अग्गें को धाइया ॥
तिन ठाम चूक चिंत्यौ हतौ। मिलन सरोसन पाइया ॥
छं० ॥ ७४० ॥

हम्मीर की और पावस पुंडीर की आगे पीछे छुआ छाई होते जाना।

यों छेटी भंजीय। मुद्ध भंजै नर धायौ ॥
चच्छया अवा भज्जंत। गरुर आगें नन जायौ ॥
ज्यौं अरथ न छिपै कविंद्र। मोह नन जाय ग्यान अग ॥
मुनि न जाय गम भावि। रूप नन जाइ दिष्ट अग ॥

(१) ए० कृ० को०–पंति।

(२) मो०–गुरति।

बन जाइ म्रिग्ग खगपति सुअग । आष जाइ नन गुरब अगि ॥
नन सकै ज्ञाय हम्मोर तिम । इम हक्यौ पावस सुलगि ॥

छं० ॥ ७४१ ॥

पावस पुंडीर का नदी का घाट जा बांधना ।

प्रात गयौ हम्मीर । सांझ पुंडीर सपत्तौ ॥
रंच नाव यकि गयौ । अजहु पत्तयो जिवस्नो ॥
पंथ वान पुच्छयौ । बली पावस धर जित्तौ ॥
रा हमीर उत्तरयौ । राव वीरत्त विरत्तौ ॥
आड़ौ उलगि पारेव बजि । धार ग्वार सों उत्तरी ॥
सोहां सुलहरि तप छंडि वपु । दिसि कंगुर संमुह भिरी ॥

छं० ॥ ७४२ ॥

तेंही बार सलित्त । नीर लग्गौ दों कंठ छलि ॥
ज्यों बछैल तिय मिलत । पाप छुज्जै सुभ्रम्म कलि ॥
ज्यों समंद सित पष प्रमान । किंत्ति फल करै सलिता ॥
मिह कलंक छिप ईस । फूल चक्कै सुष हलता ॥
यों परम जीव दावद्द सुद्दत । बज्र कोट तारन सगुर ॥
दुहु सेन मंझि सलिता परिय । सो ओपम जंपी सुबर ॥

छं० ॥ ७४३ ॥

बज्र काय दिष्षियै । सूर दिष्षियै नीर सुर ॥
ज्यो मृनाल दिष्षिये । कमल दिष्षियै उपर धर ॥
प्रवंस बाल सैसव समूह । मझिझ जोवन चिन्ह न लषि ॥
अरुन उटै ज्यों भान । किरन रत्तौ सुमंत पिषि ॥
द्रिग लषै क्रोध हिय मंझझतें । अंजुलिं से जल दिष्षियै ॥
सुर सहस मझझ वड्डे ति घट । सत बज्र बढ़ाई अष्षियै ॥

छं० ॥ ७४४ ॥

हम्मीर की सेना के नदी पार करते समय पुंडीर सेना का हमला करना । दोनों की लड़ाई ।

तजिय राव हम्मीर । बीर उत्तरति बिषम घट ॥

(२) ए० कृ० को०—पषि, पष ।

दुहु ओजन संभवति। रोकि पुंडीर सते[1] थट ॥
कछपंतर फिरि रोकि। बार उतरि हथि पारं॥
मार मार उच्चार। दोह घईति पछिवारं॥
पुंडीर धीर नंदन नवल। दिसि हमीर असिवर कढिग॥
उच्चरिय बेन पछिवान अरि। बीर बलिय संमुह चढ़िग॥

छं० ॥ ७४५ ॥

रा पावस पुंडीर। बोलि षंगा[2] रस पुंछी॥
बे बरह लिषि धीर। बीर बीरा रसं कंछी॥
कंक बंक रस पंक। बीर षुत्ते रस जुट्टी॥
दोउं बल धुनि प्रान। कंक क्रित क्रंम अवहै॥
बिब्भाय भाय षंजर कढिग। बढिग बीर बल्ली सुभर॥
मद मोष जानि छुट्टे जुरन[3]। बजिग लोह सह सूर धर॥

छं० ॥ ७४६ ॥

छुं धीरं जा धीर। सस्त्र छुट्टे पुंडीरं॥
पावस पावस राव। धार उज्जल झरि तीरं॥
षग्गानी झिल्लोर। सार बुट्टे तिन गानी॥
मनो बीजली बाल[4]। सथथ उब्भासैं पानी॥
धरो एक जुद्ध आवृत्त करि। जुद्धानी गंजागि लगि॥
हम्मीर राव पावस पुरिस[5]। बरिषा विय आवृत्त जगि॥

छं० ॥ ७४७ ॥

दूहा। जंबू हांहुलि राव सों। जज्जर बज्जि सनाह॥
भिरि संमुह पुंडीर बजि। बन जज्जर अगि दाह॥

छं० ॥ ७४८ ॥

(१) ए. क्र. को.—सर्वे।
(२) ए. कृ. को.—षंधार।
(३) ए० कृ० को०—उरन
(४) ए०—बाज
(५) ए० कृ० को०—सरिस।

इस लड़ाई में पांच पुंडीर योद्धा और हम्मीर के दो भाइयों का मारा जाना। हम्मीर का भाग जाना।

कवित्त ॥ निकरि बीर जल छंडि। रुद्धि अंबु पति अग्गा ॥
भग्गा बर हम्मीर। पुच पिय फेरि बिमग्गा ॥
पंच सहस पुंडीर। जुद्ध कीनौ अधिकारी ॥
हो हम्मीर नरिंद। षेत बोल्यौ हक्कारी ॥
पुंडीर राव पावस पहर। झर उझार लग्गौ गयन ॥
कट्टंति लोह परियार तें। सुनहु सूर सूरन वृनन ॥
छं० ॥ ७४९ ॥

बीर रुप उन्मथुन। सस्च बिज्जल कट्टी बर ॥
भय पावस पावस प्रमान। गज्जि घन बात रस्सगिर ॥
क्रोध पवन तट ईंट। टाढ़ कंपे कर करिवर ॥
सागर सलित सुसस्च। रुधिर जल बहै सारझर ॥
सुंष हुए सूर संजोगिनो। बीर बियोग कारंन कथ ॥
बैठेति चिंत पावस रिषह। संजोगिंनि नरपत्ति हथ ॥
छं० ॥ ७५० ॥

दूहा ॥ उभै पुत रन परिग वर। बर बंधे गिरि पुत्त ॥
रोस चढ्ढि फिरि बज्जि बर। उतरि सलित्त सुरत्ति ॥
छं० ॥ ७५१ ॥

पुंडीरां भग्गा भिरै। गहन हरं जुध भीर ॥
विषम तज आवृत्त नर। धनि धीरंजा धीर ॥
छं० ॥ ७५२ ॥

कवित्त ॥ सो पुंडीर बर जुद्ध। भिरे बुद्धे सा रानी ॥
तीर छुठे ग्रह नीर। तहां हम्मीर जुठानी ॥
बरवि मिलि सो बीर। तूटि मंडे बर नीरं ॥
मनु वृछय भार सो भज्जि। रुरै तुटि अंतर भीरं ॥
उरझे सरीर तुट्टे पगां। तार जेम बज्जे सुभिर ॥
निवरत सिव मिटि कंक रव। पन हमीर मुक्कि षेत तर ॥
छं० ॥ ७५३ ॥

उभै बंध हम्मीर। षेत बंघ रघुबंसी ॥
पंच बीर पुंडीर। मुगति लड्डी रन गंसी ॥
ज्यों बारुनि सुक्रि धाइ। लग्गी पानी बर भग्गा ॥
गहबि बाग पुंडीर। नींठ फेरे बर अग्गा ॥
यों लहरि लोह बाजै विषम। रा पुंडीर भारथ्थ जित ॥
हम्मीर भंजि हम्मीर पें। चढि तुरंग गोरी सुगत ॥
छं० ॥ ७५४ ॥

दूहा ॥ असी सत्त ग्रह गगन बर। परे भड़हिं पुंडीर ॥
सामि द्रोह नठ्ठी गयौ। मिले राज रनभीर ॥
छं० ॥ ७५५ ॥

चरज लागि सो राज कौं। जे बीरौं गिर युत्त ॥
सकल सूर धनि धनि कहैं। जिति हाहुलि राधुत्त ॥
छं० ॥ ७५६ ॥

पावस पुंडीर के हम्मीर पर विजय पाने पर पृथ्वीराज का पुंडार योद्धाओं को चौतेगी होने का हुकम देना।

बहादुय बाजी घरह। ढिल्ली वै वर थान ॥
हम्मीरह भज्ज भरह। जित पुंडीर प्रमान ॥
छं० ॥ ७५७ ॥

राजन अप्पन उचित करि। दिय सिर पाव सुध्यारि।
हुकम बेग बंधन कियौ। च्यारि च्यारि तरवारि ॥
छं० ॥ ७५८ ॥

पुंडरि वंश की सजनई का ओज और शाह का समाचार पाना।

कवित्त ॥ च्यारि च्यारि तरवारि। बंधि पुंडीर सहस चिय ॥
बज्र काल बज्र बहन। बज्र भल्लै सुबरन निय ॥

(१) ए० कृ० को०-मुंडि।

यों पन बंधन हमीर। छंडि पष्पर सनाह अग॥
बीर सर साधिंक। पंच बीरह पावस मंग॥
भं द्रग्ग बीर निधि लज्ज अग। उमड़ साहि अड्डो सुचलि॥
अगि लग्गि धीर मंडोन ज्यों। सजत सथ्थ उत्तरह घुलि॥

छं०। ७५९॥

इह सुनि बत सुलितान। चर धाय साहि पे पत्त॥
कहिय चरित पावस सरिस। साहिब धीर नमत्त[२]॥

छं०॥ ७६०॥

हाहुलिराव हम्मीर का शाह के पास पहुंच कर नज़र देना।

कुंडलिया॥ चमर पभर[१] खग मद मधुर। बाजी कंष्ठ कंठीर॥
मिल्यौ जाइ गोरी धरा। हाहुलि राव हमीर॥
हाहुलि राव हमीर। साम[३] द्रोही घर लग्गी॥
सील साच[४] तप तेज। भम्म धुर धारनि भग्गी॥
गौ विप्रह ग्रष छंडि। चौर प्रब्बत पति पामर॥
मिल्यौ जाय सुरतान। मधुर मृग मद लै चामर॥

छं०॥ ७६१॥

दूहा॥ च्यारि[५] च्यारि तरवारि भर। भरे बंधे घर धाय॥
इह चरित्त चहुआन दल। कह्यो साहि सौं जाय॥

छं०॥ ७६२॥

शाह का कहना कि पक्की पकड़ी हुई एक तलवार चार को मात करेगी।

तबै हांय बज्जी सुबर। धुनि पुच्छी सिसुताइ[६]॥
झुझ्झ परद्धयौ हिंदुदल। रहैं निदान कि जाइ॥

छं०॥ ७६३॥

(१) मो०—वर।
(२) मो०—साहि वंध रन मुत्त।
(३) ए० कृ० को०—परम।
(४) ए० कृ० को—साव।
(५) ए० कृ० को०—सांइ।
(६) ए० कृ० को—साव।

बाल वृद्ध जुव्वन कहिय। वे मंत्ति मत्ताय ॥
तेग एक पक्री गहै। चौ कच्ची भग्गाय ॥
छं० ॥ ७६४ ॥

करि निवाज सुरतान कहि। बित्तिय बुद्धि दिलीस ॥
गहिव साहि कंधै हनो। अब जित्तों दुनि' रीस ॥
छं० ॥ ७६५ ॥

शाह का काज़ी से भविष्य पूछना।

कुंडलिया ॥ इह गंदी मट्टी मुरद। तुम मरदों मरदानि ॥
तुम ग्रब्बी सब्बी हरन। मैं फकीर सुलतान ॥
मैं फकीर सुलतान। आप कहि पुच्छिय काजी ॥
भिस्ति भाप जौ कही। होइ हाजी कै गाजी ॥
जौ उमेद जिय होइ। राज होइ अलह बंदी ॥
कोइ गुमान जिन करौ। अहै काया इह गंदी ॥
छं० ॥ ७६६ ॥

पृथ्वीराज की सेना का हिसाब और उसकी अवस्था।

दूहा ॥ सज्यौ सेन साहन समंद। जंगल वै चहुआन ॥
धर अंगन मंगन लरिग। सुनत सूर अवुलान ॥
छं० ॥ ७६७ ॥

सबें सेन सत्तरि सहस। घटि वढि अप्पत बार ॥
जे भर भीरह सुह सधे[२]। ते बत्तीस हजार ॥
छं० ॥ ७६८ ॥

सहहि भीर न्वप पीर जिम। लज्जा धर भर भार ॥
धरनि धरनि तिन वर गनत। ते मर[१] बीस हजार ॥
छं० ॥ ७६९ ॥

बीस हजारन मद्धि दस। जे अग्या वर स्याम ॥
कर वज्जह वज्जी सहैं। ते पहु पंचह ठांम ॥
छं० ॥ ७७० ॥

---

(१) ए० कृ० को०—इहि।
(२) ए० कृ० को०—सधै।
(१) ए०—नर।

तिन मद्दि कवि गनि पंच सें । साथ भाष द्रढ काज ॥
देव गत्ति दैवान सों । तिन मंहि पहु प्रथिराज ॥
छं० ॥ ७७१ ॥

पृथ्वीराज का पुंडीर पावस को शाह के पकड़ने की आज्ञा देना ।

कवित्त ॥ चढी सेन न्रिप राज । बंधि पुंडीर तेग चव ।
धीर बोल वर पुत्र । द्राय चहुआनह हथ्थव ॥
सुरहर षष सुलितान । बंधि अप्पौ परिमानं ॥
दई दुवाह पावस नरिंद । गहन उप्परि सुविहानं ॥
करतार हथ्थ केतिक कला । नर अवरे जंपे बयन ॥
संवूह बार भावी सगति । षग्ग काम लग्गै गयन ॥
छं० ॥ ७७२ ॥

दूहा ॥ देषि सेन वर साहि पें । लै चरित चहुआन ॥
च्यारि च्यारि तरवारि वर । सह बंधी सुविहान ॥
छं० ॥ ७७३ ॥

पावस आगम धर अगम । दल साजे दोउ दीन ॥
अंवर छायो अभ्भरन । छिति छाइय छचीन ॥
छं० ॥ ७७४ ॥

उक्त समाचार पाकर शाह का सरदारों से कसमें लेना ।

कवित्त ॥ सिंधु उतरि सुलतान । वत्त कहि षा षुरसानह ॥
षां ततार रुस्तमां । सुझो तुम साच सुसाफह ॥
जै आलम आलंम । सकल हिंदू रा उप्पर ॥
जिहि ग्रहिं छंड्यो बार । वेर सो आप अप्प कर ।
तिहि ग्रहन हेत इक्को सुमन । साच झूठ करतार कर ॥
भग्गहु अभग्ग मत संग्रहै । धरहु लाज निज डुलन भर ॥
छं० ॥ ७७५ ॥

सरदारों के शाह प्रति बचन।

बोलि षान षुरसान। षान रुस्तम षां ताजी॥
षां ततार षीरोज। षान असमान बिराजी॥
षां नूरी हुज्जाब। षान षाना षुरसानी॥
हबस षान हबसी हुरेब। षान सुविहान बषानी॥
सुविहान षान षुरसान पति। बीरम ह्वरति रत्ति करि॥
दुहि बेर मरन जीयन भिरन। गहैं साहि चहुआन खरि॥
छं० ॥ ७७६ ॥

शाह का पुनः पक्का करना। और सरदारों का कसम खाना।

षां ततार रुस्तम०। साहि अग्गें करि जोरे॥
आन साहि सुविहान। हिंदु दरिया ढंढोरैं॥
गहि मुसाक गोरी चरन। परत भज्जन भज्जौ बर०॥
हों ग्रहयौ उन बेर बेर। छुट्टै व डंड भर॥
बर बंटि फौज दिष्षौ निजरि। सिंधु उतरि सुविहान बर॥
सत पंच ह्वर सोलषि घटी। बंधी बीर द्रोनति सुधर॥
छं० ॥ ७७७ ॥

पुनि षुरसान ततार। षान रुस्तम कर जोरहि॥
आन साहि मरदान। आन चहुआन बिछोरही॥
है हमीर हिंदून। दीन रोजा रंजानहि॥
पंच निवाज वे काज। जाय गोरी गुमानहि॥
सुलतान आन चहुआन सों। जो न बाल बंधे भिरहि॥
है मध्य हथ्थ सिर अज्ज हम। नहि दरोग दोजिग परहि॥
छं० ॥७७८॥

शहाबुद्दीन का सेना सहित सिंधु पार करना।

चितिय षट्ट सेना सुलष्षि। सज्जिय सन्नाह सदिष्षिय॥
अट्ठ सेन किय अच्छ। वज्ज सस्त्रं झिलि अष्षिय॥

तिन में पंच तिलष्य। वज्र भिल्लै कर बज्जी॥
एक लष्य दस भाग। फेरि दीयं न सुसज्जी॥
तिन मझ्झ एक सहसं सुभित। अड्ड पंच प्रपंचनि अधिक॥
तिन में सब सत समुद्र बर। पुन जेही गुन गुन सधिक॥
छं०॥ ७७७॥

दूहा॥ सजी सेन गोरी सुबर। सिंधु उतरि सुबिहान॥
राति सब्ब बर तिन सयन। आन षान षुरसान॥
छं०॥ ७७८॥

महमद रुहिल्ले का शाह से प्रतिज्ञा करना।

कवित्त॥ समन कमन मो नदी। मीर महमुंद रोहिल्लौ॥
नव सुकोरि भुअ दंड। एक इक लहै इकल्लौ॥
कितौक गड्ढ ढिल्लरी। कोन मंडल इह बारह॥
कितक सूर सामंत। कोन हम सम झुझ्झारह॥
साहाब दीन सुरतान सुनि। प्रगटं एह परं तंग वहि॥
दो जिग्ग मग्गहम संचरहि। जौन देइ चहुआन गहि॥
छं०॥ ७७९॥

शाह का चिनाब के उस पार तक आ जाना।

सजल पूर सतनंज। चरन साहाब सुभुक्किय॥
षां कमाल गष्परिय। निरति सेना रसु लष्षिय॥
परि प्रतीत सत्तनं सयन। देस नव नव बल तोलन॥
अथ जुवार[१] परुवर दिगार। जुम्मी[२] जुर बीलन।
दिव निसा देषि हित चित्त दल। कलन लोह कुंजर हयन॥
बचन भेष[३] लष्यन पिषन। करि कग्गर अग्गर बयन॥
छं०॥ ७८०॥

तम जित्ते जित बचलिय। राज राजन ग्रह गुड्डर॥
हमस हांम सामंत। मंतै पूरन भर सुब्भर॥

(१) ए० कृ० को०—जुम्मार। (२) मो०—जम्मी।
(३) ए० कृ० को०—भाष।

राज मिलन सुलतान। लिषि सुकग्गर फुरमोनं ॥
हवि वचन्न असमान। असंष गज्जिय सुरतानं[1] ॥
सम सिफति सील उत्तर तरह। दिसि दुस्तर संग्राम रन ॥
सम विषम बत्त पारसि कुसल। स्वामि बचनं हिंदू सधन ॥
छं० ॥ ७८१ ॥

शहाबुद्दीन का पृथ्वीराज के पास खरीता भेजना।

बचनिका ॥ बंधानौ कै लाजरी। कागर बंधी हेमांजरी ॥
मसि रुद्दोई मद्द । काजी कतेव सद्द ॥
मुल्लांन उचार उच्चै । बंचन राजा श्रोतान सच्चै ॥
राजा प्रथिराज आगें। सामंत सूर संचार लागे ॥
इन विधि सरजन हार जोरे। सुरतान जलाल दीन लोरे।
इनि विधि हिंदू मुसलमाम मुहानी। बयन नीरां रा जंजे सुरतानी।
छं० ॥ ७८२ ॥

शहाबुद्दीन के पत्र का आशय।

भुजंगी॥ बने भिस्ति बेषा षमे षान मंडौ। सजे षंभ थंभं नए रंड डंडौ ॥
इला सख्च रत्तौं न केली सुहावं। जमी जोर मनैं न ओरं किसावं ॥
छं० ॥ ७८३ ॥
हमं तुम्म एकं दुरं देव दाने। समं सिंध लोरैं नहीं एक बाने ॥
विनैं देव ध्रम्मं कुरानं पुरानं। न जानं सुने है कि आने सुमानं ॥
छं० ॥ ७८४ ॥
उभै रीति उत्तंग दुत्तंग देही। छिनं भंग भंजे सुकामंध केही ॥
मिलौ आदि मीरा सुभीरा भिरंदे। बिबी गलह मल्है सुसद्दै सिरंदे ॥
छं० ॥ ७८५ ॥
प्रियं प्रीति पैगंबरं साहि सज्जौ। सुत्रं जोर बंध्यौ सुलितानं मभ्भौ ॥
मिले हाहुली हेत हिंदू हमीरं। जनं जोर ठट्टै गुमानं गंभीरं ॥
छं० ॥ ७८६ ॥
कियौ साहि सिष्टा सच्चापै आपनां छलं छच हिंदू सिरं दीन मानं ॥

(१) मो०—षुरसांन

मिलौ साहि साहाब सोहैत बंधी। दहै देस छचंज पंजाब अद्दी॥
छं० ॥ ७८७ ॥

बरं षग्ग पुरसान सों मंडि छंडों। सुतं रेन उद्दव सौ सेव मंडौ॥
इसा जुद्ध कोने कहा लाभ पंडो। नियं नेहनी जोतिसों सेव षंडौ॥
छं० ॥ ७८८ ॥

सदा जोर हिंदू नथे मुसलमानं। जुराजोध दुज्जोध संसार आनं॥
उवं ज्वाव देहं सुसामंत राजे। तटं चन्द्र चिन्हाव सुरतान बाजे॥
छं० ॥ ७८९ ॥

बरं बोल्ल चामंड रायं सुनंदे। चितं चेत चिंता सुदेही भरंदे॥
छं० ॥ ७९० ॥

शाही दूत के प्रति चामंडराय के बचन।

कवित्त॥ सुने सद्द चामंड राइ। सुरतान असीठं॥
अप्रमान बोलहु बयंन। राजन सों ढीठं॥
तुम जानहुं सामंत। मंत जेहा अभ्यासै॥
मारुडै पट्टनै। पंन पानी पथ ग्रासै॥
बोला न बोल कित्ती बढ़ै। हेला हंकि हमीर सुनि॥
जालिम्म जोर मैं मेछ धर। सार बहंदै धार धुनि॥
छं० ॥ ७९१ ॥

पुहुवि नरेसर सबल राइ। हैं वे हठ जित्तौ॥
काटि सुभट थट बिकट। कलह घघ्घर में वित्यौ॥
गंजि गोरि रुम्मी तुरक। मरिया पत्ताई॥
बंधे साहिब दीन। लियौ अजमेर चढाई॥
इम जंपै चंद बरद्दिया। कपिसुल्लिह कुंदी कनै॥
दस सहस लड्ड ते डंड में। अजहुं सुथकै गज्जनै॥
छं० ॥ ७९२ ॥

सिंघ स्यारै परधान। बंध कीनों इक जंतह॥
मिल्यौ न भष्ष दिन एक। स्याल आन्यौ षर मत्तह॥
सिंघ फाल चुक्कयौ। गयौ षर जीवत थानं॥

फुनि आन्यौ समभाइ। हन्यौ केहरि वलवानं ॥
विश्राम सिंघ हिरदै सुकंन्। भष्यि गिद्दर जब पुच्छयौ ॥
नहि क्रन्न रिदै इहि सिंघ सुनि। देषि गत्त पच्छौ अयौ ॥
छं० ॥ ७६३ ॥

दूहा ॥ रहि बिधि तुम पति साह को। कहो सुबंका ष्यान ॥
निलज मेछ लज्जै नहीं। हम हिंदू लजवान ॥
छं० ॥ ७६४ ॥

दंत दरिद्री द्विपद रज। एपरि निपट घटंत ॥
सिंघ सिंचानौ सापुरिस। ए परि परि सुउठंत ॥
छं० ॥ ७६५ ॥

जद्दव जुवान और वलिभद्र का वचन कि तुम नमकहराम हम्मीर के भरोसे पर मत गरजो।

वर जंपै जद्दू जुआन। वलिभद्र सुध्रम्मं ॥
हम सुलतान सुक्रम्म। सेव कीनी बहु स्रम्मं ॥
तुम ओछानी तक्कि। बक्कि हाहुलि हम्मीरं ॥
थट्टा बंभन बास। पास उतरे गंभीरं ॥
हम तुम्म तेक में सीस धरि। बीच करीम कुरान को ॥
बंचौ जु सौंह सांह्रोह दर। लभ्भौ लभ्भ पुरान को ॥
छं० ॥ ७६६ ॥

मुसलमान दै हथ्थ। हामं हम्मीर मुहाई ॥
राज कुमारह रेन्। सेवं संचार दुहाई ॥
तुम मांगं पंजाब। अड पहु ग्राम न मुक्कं ॥
द्रोह मित्तह उद्दोत। परी जम्मौ जित सुक्कं ॥
हम लभ्भनि तुम्म लराइयां। वर भराहिं सिंघह समर ॥
गुफ अभै स्थानि संचरि रहै। सुभ सियार चष्यहि अमर ॥
छं० ॥ ७६७ ॥

मभ्भ्कह रावल समर। सिंह सिंह तन पुक्छिय ॥
जे मंता मंतेह। हवै लड्डू दुअ लब्भिय ॥

जौ जीवंदे जित्त। मुत्ति तो सरग समानी ॥
ना दिष्यो प्रथिराज। मुरै मुग्गल चहुआनी ॥
अवृत घत्त मतां लही। पर कज्जां सज्जां समर।
तत्तवाइत त्तव पराइयां। अप्पै देव दानव अमर ॥
छं० ॥ ७९८ ॥

शाह के यहां से आने वाले सरदारों के नाम और पृथ्वीराज का उनको उत्तर देना।

पी पट्टीय वसीठ। सथ्थ सुरतान कहंदे ॥
तुम सारा है भुज्ज। डंड भरि जीव रहंदे ॥
के भूले उपगार। कन्ह उपगार सुभ्झ भझ ॥
होहि न बड्डा बोल। चढ़े चंपी अन्न बुझ्झा ॥
दिथ दूत हथ्थ कागर दुजर। अगर पंचे मन साहि दिसि।
सोनी सुजान नीसथ्थ कथ। कहन बोल बर बीस बिसी ॥
छं० ॥ ७९९ ॥

सा बट्टू को अली। पंच तेरह करि मंडिय ॥
लष्यं छष्यिय च्यारि। षाम कांगर करि छंडिय ॥
षान षान ततार। षान रुस्तम षां हाजिय ॥
षां षीरोज कुसाब। हिंदु तुरकी पढि काजिय ॥
दीहांइ पंच पथ्थे वद्यां। दल सुरतानति संमुहा ॥
पंजाब मद्धि दिल्ली पहर। मिलि मध्यानैति विम्मुहा ॥
छं० ॥ ८०० ॥

कहि सोनी पतिसाहि। दुष्ट होइ कै सट भंगिय ॥
था लज्जी[1] सुरतान। सिंधु कह कज्ज उलंघिय ॥
पैगंबर दै बीच। मिटै बोलां बर संधिय ॥
एक बेर दूबेर[2]। बेर बेरह इन बंधिय ॥
सौ न छोड़ पहिलोन हलं। मुष देषावन देषिया।

(१) मो०—लज्जीवा। (२) ए० कृ० को—एक वार दुरबास।

क्रित-हित्त चित्त मलै नहीं। कहै बढ़ै गुर सिष्पियां॥

छं० ॥ ८०१ ॥

संतलज पार करके शाह का आगे बढ़ना और दिल्ली से लौट कर गए हुए दूत का समाचार देना।

चिपथ पंथ पव्वा पहार। गट्ठी दिसि वामह॥
जेल लंगर ग्रांव। बिहंथ बंधी जथ नावह॥
साहि तक्कि ताजिय चढंत। मुनामं मुन्नारह॥
दैकागर दूतान। कियौ सोनार सलामह॥
